GO **PLACES!** / चलो घूमने!

Editor's updates to keep you in pace with a world on the move

संपादक द्वारा अवगत जानकारियों से आप बदलती दुनिया के साथ चल सकेंगे।

DIVE **IN!** / **डुबकी** लगाओ!

SEA YOU THERE!

Karina Tourism & Adventures has announced the launch of INFINITI, India's first scuba diving live-aboard vessel. The 130-feet-long INFINITI, which merges style with comfort and safety, will commence operations with five-day trips to the Andaman Islands. The INFINITI boasts world-class systems and equipment, an expert dive crew and luxurious interiors, including guestrooms with en-suite bathrooms, a kitchen, a diving platform, an indoor dining room and multiple relaxation areas, including a large sun deck and a lounge. The Andamans offer multiple and diverse diving spots: From the volcanic Barren Island or Narcondam Island, to the Passage Island, The Sisters and the Invisible Bank. Visit *Infinitiliveaboard.com*

करीना टूरिज़म एंड एडवेंचर्स ने इंफिनिटी नामक जलपोत पेश करने की घोषणा की है। यह भारत का पहला ऐसा जहाज़ है जिस पर से गहरे समुद्र में गोताख़ोरी आसानी से की जा सकती है। 130 फुट लंबा पोत स्टाइल, आराम और सुरक्षा का नायाब मिश्रण है। पर्यटकों को इस जहाज़ से अंडमान द्वीपों पर पांच दिनों की सैर कराई जाती है। विश्व स्तर की प्रणालियों और उपकरणों से लैस इंफिनिटी पर आपको गहरे समुद्र में गोताख़ोरी कराने वाले प्रशिक्षित कर्मचारी मिलेंगे। इस पोत में मेहमानों के ठहरने के लिए स्नानघर सहित कमरे, रसोई, गोता लगाने में मददगार सतह, खाना खाने का कमरा भी उपलब्ध हैं। इंफिनिटी पर आपके आराम का भी पूरा ख्याल रखा गया है। पोत पर धूप सेंकने के लिए एक लंबा डेक और लाउंज भी है। अंडमान में ऐसे कई स्थल हैं जहां पर विविध तरीके से गहरे समुद्र में गोताख़ोरी करना संभव है। ज्वालामुखीय बैरेन द्वीप, नारकोनडैम द्वीप, पैसेज द्वीप, द सिसटर्स द्वीप हो या फिर विजिबल द्वीप आप इन जगहों से गहरे समुद्र की गोताख़ोरी का भरपूर आनंद उठा सकते हैं।

TOT **TALES** / **नन्ही** कथाएं

With the birth of the UK's royal baby, Amari Hua Hin in Thailand offers guests a special package for kids. The family suites offer an extra sleeping area for toddlers, and baby cots and bathtubs on request. There are special baby dining arrangements, such as bottle sterilisation, varied baby-food options and high chairs, along with baby-sitting services to give young parents the chance to spend time alone. Older children can be part of the kids' club and enjoy its colouring books, crayons and its well-stocked library. A two-night "All Together Family Package" starts from THB15,466 (₹29,840) and is valid until October 31. Visit *Amari.com/huahin.*

थाईलैंड के अमारी हुआ हिन इलाके में नन्हे–मुन्नों के साथ भी मज़ेदार छुट्टियां मनाई जा सकती हैं। यहां के होटलों में परिवारों के लिए उपलब्ध कमरों में छोटे बच्चों के सोने की पर्याप्त जगह होती है। आग्रह करने पर होटल वाले आपके बच्चे के सोने के लिए पालने और नहाने के लिए टब की भी व्यवस्था करते हैं। इतना ही नहीं बच्चों के खाने के लिए अलग से प्रबंध किया जाता है। बच्चों को बोतल में दूध दिया जाता है और उनके लिए तरह–तरह की खाद्य सामग्री का विकल्प भी रहता है। बच्चों को ऊंची कुर्सी पर बैठाते हैं ताकि वह गिर न जाएं। युवा दंपती ज़्यादा से ज़्यादा समय अकेले बिता सकें इसके लिए बच्चों की देखभाल के लिए अलग से आया की भी व्यवस्था होती है। बड़ी उम्र के बच्चे भी किड्स क्लब के सदस्य बन सकते हैं। वे वहां रंग भरने वाली किताबों, रंगों के साथ–साथ सुव्यवस्थित पुस्तकालय का भी आनंद ले सकते हैं। 'ऑल टुगेदर फैमिली पैकेज' के तहत दो रातें ठहरने की व्यवस्था है। इसकी कीमत 15,466 टीएचबी (29,840 रुपए) है और यह 31 अक्टूबर तक मान्य होगा।